दिनांक 06-07 जनवरी 2020 को आयोजित

आयोजन • राजकीय महाविद्यालय में शिक्षक दक्षता संवर्धन विषय पर कार्यक्रम

09.01.2020

आमुखीकरण कार्यक्रम में दिया कॅरिअर मार्गदर्शन

भास्कर न्यूज | सांभरलेक ग्रामीण

सांभरलेक के राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को नव नियुक्त सहायक आचार्यों के लिए दो दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन आमुखीकरण कार्यक्रम के दूसरे दिवस पर विभिन्न विषयों पर व्याख्यान हुए। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ. केके शर्मा, सेवानिवृत प्राचार्य एवं संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर ने कार्यालय टिप्पणी, पत्रावली, संधारण एवं कार्यालय आदेश और क्रय संबंधी नियम एवं प्रक्रिया विषय पर उपयोगी एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया।

सांभरलेक | समारोह में अतिथियों को सम्मान करते कर्मचारी।

डॉ. योगेश कुमार शर्मा, सह आचार्य ईएएफएम ने सहायक आचार्यों को महाविद्यालय विकास में दायित्व एवं अपेक्षाएं और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रतिभागियों को महाविद्यालय विकास में उनकी जिम्मेदारियों से परिचय कराया। द्वितीय सत्र में डॉ. विमलेश सोनी तथा डॉ. आशीष व्यास ने नवनियुक्त सहायक आचार्यों को ई-कंटेंट और विद्यार्थियों की मैन्टरिंग, काउंसलिंग एवं कॅरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन विषय पर व्याख्यान देकर लाभांवित किया।

सूचना का अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषय पर डॉ. राधाकृष्ण सह आचार्य ने व्याख्यान देते हुए सूचना जानने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस आमुखीकरण कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र जोशी ने प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. मनोज शर्मा सह आचार्य ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टाफ मौजूद रहे।

शिक्षक दक्षता संवर्द्धन आमुखिकरण कार्यक्रम

10.01.2020

सांभर. आमुखीकरण कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित अतिथि।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सांभरलेक @ पत्रिका. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार राजकीय शाकम्भर महाविद्यालय की रेस योजनान्तर्गत दो दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्द्धन आमुखिकरण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को हुआ। जिसमें जयपुर संभाग के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों के नवनियुक्त 31 सहायक आचार्यों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में डॉ. केके गुप्ता, सेवानिवृत प्राचार्य एवं संयुक्त निदेशक, कॉलेज शिक्षा ने कार्यालय टिप्पणी, पत्रावली संधारण कार्यालय आदेश और क्रय संबंधी नियम एवं प्रक्रिया विषय पर उपयोगी एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया। डॉ. योगेश कुमार शर्मा सह आचार्य ईएएफएम ने महाविद्यालय विकास में दायित्व-अपेक्षाएं और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रतिभागियों को उनकी जिम्मेदारियों से परिचय कराया। द्वितीय सत्र में आयुक्तालय से आए डॉ. विमलेश सोनी ने विभिन्न ऑनलाईन मॉड्यूल्स एवं कोर्सेज, एमएसओ आईडी तथा मॉक विषय पर तथा डॉ. आशीष व्यास ने ई-कण्टेंट और विद्यार्थियों की मैन्टरिंग, काउन्सलिंग एवं कॅरियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन विषय पर व्याख्यान देकर लाभान्वित किया। सूचना का अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषय पर डॉ. राधा कृष्ण सह आचार्य ने व्याख्यान देते हुए सूचना जानने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. महेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया व स्मृति चिन्ह प्रदान किए। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र जोशी, सह आचार्य डॉ. मनोज शर्मा ने सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी व सहभागियों का आभार जताया। (निसं)

सहायक आचार्यों का आमुखीकरण शिविर सम्पन्न

सांभरझील, (निसं)। राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव नियुक्त सहायक आचार्यों के चल रहे दो दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन आमुखीकरण शिविर मंगलवार को सम्पन्न हो गया। शिविर में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए। प्रथम सत्र में सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा की ओर से कार्यालय टिप्पणी, संधारण, कार्यालय आदेश व क्रय संबंधी नियम एवं प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। उन्होंने ऑर्डर शीट लिखने के गुर बताए। सह आचार्य ईएएफएम ने सहायक आचार्यों को महाविद्यालय विकास में दायित्व व अपेक्षाएं व राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन पर व्याख्यान दिया व प्रतिभागियों को महाविद्यालय विकास में उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र में गणित के सह आचार्य ने विभिन्न ऑनलाईन मॉड्यूल्स व कोर्सेज विषय पर तथा इसी प्रकार ई-कण्टेंट और विद्यार्थियों की काउंसलिंग व कैरियर निर्माण व मार्गदर्शन की भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर समापन के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रदूत
9.01.2020

शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यशाला का शुभारम्भ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

09.01.2020

सांभरलेक. राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांभरलेक में नव नियुक्त सहायक आचार्यों के लिए शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यशाला प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र जोशी द्वारा स्वागत एवं सम्बोधन के साथ शुभारम्भ हुआ। इसके लिए जयपुर संभाग में स्थित राजकीय महाविद्यालयों के 36 प्रतिभागियों को मनोनीत किया गया था। इनमें से 31 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर आयुक्तालय से आए डॉ. पदमश्री पटनायक, सहायक निदेशक डॉ. विनोद भारद्वाज, प्रभारी अधिकारी डॉ. राखी यादव आदि मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र में डॉ. पदमश्री पटनायक ने शिक्षकों के कर्तव्य, समय प्रबन्धन की जानकारी दी। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विनोद भारद्वाज ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक की भूमिका, शिक्षा में गुणवत्ता आदि पर व्याख्यान दिया। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. राखी यादव ने उद्बोधन दिया।